समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# भारत-ईरान-इज़रायल व्यापार पर संकट : अरबों का कारोबार खतरे मे, ंआम जनता को कैसे होगा असर ?

Publisher Published on 13 Jun 2025



## अंतरराष्ट्रीय तनाव का असर भारत पर भी, व्यापार और तेल आपूर्ति पर मंडरा रहा संकट ।

दुनिया भर में बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के बीच मध्य पूर्व में **ईरान** और **इज़रायल** के बीच टकराव एक नया संकट बनकर उभरा है। इस क्षेत्र में बिगड़ते हालात का सीधा असर **वैश्विक व्यापार** और **भारतीय अर्थव्यवस्था** पर पड़ता दिखाई दे रहा है।

**ईरान से तेल और व्यापार : भारत पर कितना निर्भर ?**

ईरान दुनिया का **चौथा सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादक** देश है। 2023 में उसने 2.4 **बिलियन बैरल क्रूड ऑयल** का उत्पादन किया। चीन की तरह **भारत भी ईरान से कच्चा तेल और अन्य वस्तुएं आयात करता है**, जिनमें **सूखे मेवे, रसायन, कांच के बर्तन** और **दवाइयां** शामिल हैं।

१. **भारत की ओर से ईरान को बासमती चावल, चाय, कॉफी और चीनी जैसे उत्पाद निर्यात किए जाते है ।**
२. **2022-23 मे भारत ने ईरान को लगभग 10 लाख टन बासमती चावल निर्यात किया ।**
३. **ईरान हर साल भारत से करीब 4 करोड़ किलो चाय और कुल 60 करोड़ डॉलर का व्यापार करता है ।**

**अब व्यापार पर संकट**

ईरान-इज़रायल तनाव के कारण **भारत-ईरान व्यापार** पर नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है। अगर स्थिति और बिगड़ती है तो तेल की आपूर्ति बाधित हो सकती है और इसके चलते भारत में **पेट्रोल-डीज़ल** के दाम बढ़ सकते हैं, जिससे आम जनता पर

सीधा असर होगा।

**इज़रायल के साथ भी अरबों का व्यापार**

भारत का इज़रायल के साथ भी मजबूत व्यापारिक रिश्ता है।

१. **2023 मे भारत और इज़रायल के बीच लगभग ₹89,000 करोड़ का व्यापार हुआ।२. भारत ने इज़रायल को हीरे, आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स, और इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स भेजे,**

२. **जबकि इज़रायल से भारत ने सैन्य उपकरणों का आयात किया**।

क्या होगा आम लोगों पर असर?

१. **तेल की कीमतों मे बंढ़ोतरी से ट्रांसपोर्ट, खाद्य पदार्थ और रोज़मर्रा की वस्तुएं महंगी हो सकती है**।

२. **रुपये पर दबाव बढ़ सकता है जिससे विदेशी व्यापार महंगा पड़ेगा**।

३. **शेयर बाजारों मे गिरावट का सिलसिला तेज हो सकता है**।

इसलिए मौजूदा वैश्विक हालात को देखते हुए सरकार और निवेशकों के लिए सतर्क रहना बेहद ज़रूरी है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.